**उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम**

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर को राज्यस्तरीय सम्मान




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 27 अप्रैल।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में जिले ने प्रदेश स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। साक्षरता और सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में पूर्ण निष्ठ और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए राज्यशिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह के द्वारा जिला दतिया, कलेक्टर और अध्यक्ष जिला सारक्षता मिशन प्राधिकरण स्वप्निल बानखड़े को शील्ड एवं प्रशस्थी पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला प्रौढशिक्षा शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने यह शील्ड एवं प्रशस्थी पत्र कलेक्टर जिला दतिया को सौंपा। भोपाल में आयोजित बैठक में मूल्यांकन परीक्षा परिणामों और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसी दौरान जिलाधीश को साक्षरता लक्षों की प्राप्त और प्रभारी, क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया।

यह लगातार दूसरा अवसर है जब दतिया कलेक्टर को राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। विगत 14 मार्च को आयोजित साक्षरता परीक्षा में जिले को कुल 40 हजार नवसाक्षरों को परीक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था कलेक्टर दतिया एंव जिला पंचायत सीईओ अक्षय कुमार तेम्रवाल के दिशा निर्देशन में टीम की कड़ी मेहनत करते हुए लक्ष्य के विरूद्व 100.23 प्रतिशत परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मलित कराया।




# भगवान परशुराम चल समारोह में युवाओं का दिखा उत्साह

**दतिया, 27 अप्रैल।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पर शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। पूरा शहर जय परशुराम के गगन भेदी जयघोष केशरिया ध्वजों से भक्ति मय, रंग मय नजर आया। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। चल समारोह के दौरान पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक, ने कहा कि हमें भगवान परशुराम के बताये मार्ग चलना है। आज भी भगवान परशुराम जी की प्रासंगिकता बनी हुई है। चल समारोह में इस बार युवाओं की भागीदारी देखने को मिली। उनमें गजब का उत्साह था चल समारोह में ढोल नगाढे, बैण्ड और झांकिया आक्रर्षण का केन्द्र रही। इसी तरह ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी की जयंती कार्यक्रम में दतिया महाराजा अरुणादित्य देव ने किला चौक पर शामिल होकर भगवान परशुराम जी के चित्र का पूजन कर आरती उतारी एवं प्रसाद अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया।

# जनसंपर्क अधिकारी निहारिका मीणा को मिला लोक संपर्क सम्मान




**इंदरगढ़, 27 अप्रैल।** जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दतिया की सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग निहारिका मीणा को सम्मानित किया गया है। पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), भोपाल द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस 2026 के अवसर पर उन्हें 'लोक संपर्क सम्मान' से नवाजा गया। निहारिका मीणा वर्तमान में दतिया जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूचना एवं संचार के आधुनिक माध्यमों का उपयोग करते हुए उन्होंने प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया है।भोपाल की मूल निवासी निहारिका मीणा ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस में बीई की डिग्री प्राप्त की है। वर्ष 2019 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने जनसंपर्क विभाग में सेवाएं प्रारंभ कीं।उनकी कार्यशैली, मीडिया प्रबंधन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री निहारिका मीणा को सम्मानित होने पर जिले के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है और उन्हें बधाईयां प्रेषित की है। सुश्री निहारिका मीणा को सम्मानित होने पर अधिमान्य पत्रकार शिवरमन सिंह राठौर, कुलदीप सक्सेना, धर्मेन्द्र साहू,नितिन गोस्वामी, प्रदीप नाहर, संजीव रिझारिया, आशीष मिश्रा आदि ने बधाई दी है।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौनी में डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ

**दतिया, 27 अप्रैल।** पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के द्वारा बड़ौनी के उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर डिजिटल एक्सप्रेस मशीन का किया शुभारंभ जिसमें क्षेत्र के लोगों को तत्काल एक्सप्रेस सुविधा होगी उपलब्ध बडोनी उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लोगों को जिला चिकित्सालय पर जाना पड़ता था एक-रे के लिए डॉ. नरोत्तम मिश्रा का सीएमएचओ वी.के. वर्मा ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ज्योतना सेंगर ने पुष्पागुच्छा प्रदान कर किया स्वागत किया। उन्होंने बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया हमारे क्षेत्र की जनता को मिली एक नई सौगात इससे हमारे क्षेत्र की जनता को नहीं होना पड़ेगा परेशान।



## खान-पान में सुधार और समय पर जांच कराकर लीवर संबंधी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है : डॉ .जैन

**दतिया, 27 अप्रैल।** स्थानीय विद्या विहार कॉलोनी स्थित डॉ. हेमंत जैन क्लिनिक पर रविवार को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से फैटी लिवर की पहचान के लिए नि:शुल्क फाइब्रो स्कैन टेस्ट किया गया, जिसका 70 मरीजों ने लाभ उठाया। मेडिसिन विभाग (जीएमसी दतिया) के सह प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार जैन ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह और इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ी सावधानियां बताईं। डॉ. जैन ने बताया कि खान-पान में सुधार और समय पर जांच कराकर लिवर संबंधी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर में अनिल शाक्य, मयंक पुरोहित, धीरज ढींगरा, सोनू कुशवाहा और नरेंद्र कुशवाहा और जीतू का सहयोग रहा।

## शिशु वर्ग के भैया-बहनों का रहा दबदबा

**प्रांत स्तरीय खेल प्रतियोगिता**

**दतिया, 27 अप्रैल।** भोपाल में आयोजित 37 बी प्रांत स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मुडिंयन का कुआं दतिया विद्यालय के शिशु वर्ग के भैया-बहनों का रहा दबदबा जीती चौंपियन ट्रॉफी भैया हर्ष प्रजापति ने 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया 100 मीटर दौड़ में प्रियांश साहू द्वितीय स्थान मानसी प्रजापति ने लम्बी कूद में प्रथम स्थान हर्ष प्रजापति ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी भैया बहनों को प्रधानाचार्य ॠषि कुमार पाण्डेय खेल शिक्षक प्रियंका यादव राकेश पाण्डेय एवं आचार्य परिवार समिति के सभी पदाधिकारी बंधुओं ने बधाई शुभकामनाएं दीं।

# रास जेबी पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 27 अप्रैल।** झांसी रोड स्थित रास जेबी पब्लिक स्कूल दतिया में सीबीएसई भोपाल के मार्गदर्शन में च्क्लासरूम मैनेजमेंटज्ञ विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई भोपाल द्वारा रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त विक्रम सक्सेना एवं ब्रह्मजीत सिंह कुशवाह उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन, छात्रों के साथ बेहतर संवाद, अनुशासन बनाए रखने तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रभावी कक्षा संचालन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के दौरान आयोजित फुल लर्निंग एक्टीविटी, समूह चर्चा एवं प्रायोगिक सत्रों में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों एवं समूह चर्चा के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और नई शिक्षण विधियों को समझा। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान विधालय से अभय सक्सैना, अतुल जैन सहित शिक्षक एवं षिक्षकाएं उपस्थित रही।

# लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**इंदरगढ़, 27 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे व एसडीओपी भांडेर पूनमचंद यादव के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे फरार वारंटी के गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना उनाव पुलिस ने फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उनाव-झांसी रोड स्थित घिसलनी की पुलिया के पास में घेराबंदी कर आरोपी पुष्पेन्द्र अहिरवार पुत्र हरदास उर्फ हरदयाल अहिरवार, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम सड़ भासड़ा, थाना करैरा, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया। आरोपी न्यायालय में दर्ज प्रकरण क्रमांक 1664/19 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट में लंबे समय से फरार था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय भांडेर में पेश किया गया। सराहनीय भूमिका: थाना प्रभारी उप निरीक्षक यतेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, प्र.आर. 494 नंदकिशोर, आर. 843 मोहित, आर. 897 प्रेम सिंह,आर. 787 कुलदीप की सराहनीय भूमिका रही है।

# अवैध हथियार सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**इंदरगढ़, 27 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत,



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सेंवढ़ा अजय चानना के नेतृत्व में थाना प्रभारी डीपार यादवेंद्र सिंह गुर्जर मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपाचे मोटरसाइकिल के साथ खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर सावधानीपूर्वक पकड़ा।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही एक अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी यादवेंद्र सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक मंसाराम, आरक्षक बलवीर सिंह, आरक्षक शिपेन्द्र सिंह एवं आरक्षक नरेश कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जन अभियान परिषद ने आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई

**सेवढ़ा, 27 अप्रैल।** रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सेंवढ़ा द्वारा शासकीय गोविंद महाविद्यालय सेंवढ़ा में आदि शंकराचार्य जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन, दर्शन और अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान उमाशंकर पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदि शंकराचार्य केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के सूत्रधार थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और भेदभाव को समाप्त कर धर्म, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का नया मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में आशीष पाटकर, अनरेश कुशवाह, आनंद देव, मोनिका झा, रजत अग्रवाल सहित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आदि शंकराचार्य के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# आदि शंकराचार्य ने चार पीठों की स्थापना कर देश को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में पिरोया : राजे

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 27 अप्रैल।** आदि शंकराचार्य ने न केवल भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित किया, बल्कि चार पीठों की स्थापना कर देश को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में पिरोया। उक्त बात मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दतिया के तत्वावधान में जिला स्तरीय गुरु आदि शंकराचार्य व्याख्यान माला का आयोजन स्थानीय पीजी कॉलेज के सभागार में मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद की सदस्य श्रीमती परिणीता राजे बोलते हुए कही।




कार्यक्रम में प्रबुद्ध वक्ताओं ने आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन, उनके सांस्कृतिक योगदान और राष्ट्र की एकता में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के संभागीय समन्वयक सुशील बरुआद्वारा की गई। उन्होंने परिषद के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. हरेंद्र भार्गव ने आदि शंकराचार्य के श्अद्वैत वेदांत के दर्शन को सरल शब्दों में साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे अल्पायु में ही उन्होंने संपूर्ण भारत का भ्रमण कर धर्म की पुनर्स्थापना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला खेल अधिकारी '' अरविंद सिंह राणा ने युवाओं को शंकराचार्य के संकल्प और अनुशासन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र लिटोरिया परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाएं , छात्र छात्राएं,वालंटियर्स, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, कॉलेज के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश की सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है : पूर्व विधायक

**दतिया, 27 अप्रैल।** कस्वा उनाव बालाजी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एबं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा घनश्याम पिरौनिया विशिष्ट अतिथि के रूप जनपद सदस्य प्रतिनिधि रवि चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत उनाव की सरपंच श्रीमती किरण वर्मा ने की।इस अवसर पर दर्जन भर से अधिक छात्राओ को तिलक लगाकर व फूलमालाएं पहनाकर साइकिल भेंट की गई।



उपस्थित अभिभावकों व छात्राओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक पिरौनिया ने कहा कि प्रदेश की सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। नि:शुल्क साइकिल से शुरू हुआ यह सफर बच्चों को लैपटॉप व ई स्कूटी तक के मुकाम पर ले जाता है इसीलिए मन लगाकर खूब पढ़े जिससे माँ बाप के साथ साथ परिवार व समाज का गौरव बढ़ सके। इस अवसर पर सरपंच किरण वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार हर क्षेत्र में बालिकाओं को बढ़ावा दे रही है। नौकरी, राजनीति व अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को समान अवसर मिल रहे है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बीजेपी का झंडा लगाकर अवैध शराब की तस्करी करने वाला फरार आरोपी दबोचा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 27 अप्रैल।** थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत ने बताया 26-27 मार्च की रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो गाड़ी जिस पर बीजेपी का झंडा लगा है और उसमें अवैध शराब भरी है दबोह तरफसे आ रही है।

उक्त सूचना पर से पंडोखर पुलिस ने हमराही बल के सालौन तिराहा पर नाकाबंदी की गई तभी दबोह तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो गाडी तेजी से आती हुई दिखाई दी जिसे रोकने का प्रयास किया गया जो नाकाबंदी को तोडते हुये सालौन रोड तरफ भाग गई उक्त स्कार्पियो वाहन का पीछा किया गया तो स्कार्पियो वाहन चालक वाहन को बरका तिराहा हसनपुर रोड पर अपने वाहन को खडा कर खेतो की तरफ भाग गया जिसका पीछा करने पर चालक अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गया था आज दिनांक को उनाओ गेट थाना उनाओ से सुबह 4.20 बजे गिरफ्तार किया गया । स्कार्पियो वाहन को वाहन क्रमांक डच् 04 ब्स् 1455 की तलाशी ली गई जिसमे ड्रायवर सीट के पीछे वाले हिस्से मे कुल 58 पेटियां देशी शराब प्लेन की पाई गई थी । गिरफ्तार आरोपी का संजीव दोहरे पुत्र लखन सिंह दोहरे उम्र 37 साल निवासी हनुमानघड़ी राजघाट कॉलोनी दतिया मूल निवासी ग्राम मकोनी थाना उनाव दतिया।

# मंदिर में तोड़फोड़, मूर्तियों से अभद्रता पर तनाव

**सेंधवा, 27 अप्रैल।** वरला थाना क्षेत्र के राजनगांव में प्राचीन मरी माता-भैरव मंदिर में तोड़फ़ोड़ और मूर्तियों के साथ अभद्रता की घटना सामने आने के बाद रविवार को गांव में तनाव की स्थिति बन गई. पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रविवार सुबह ग्रामीणों ने जब मंदिर परिसर के बाहर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए. ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में स्थापित मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया गया और माता की मूर्ति के वस्त्र फाड़ दिए. घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार और थाना प्रभारी नारायण रावल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. ग्रामीणों ने वरला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कुछ बाहरी लोगों की गतिविधियों पर संदेह जताया है. साथ ही पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं होने का उल्लेख किया गया है.

# विद्यालय परिसर में पक्षियों के पानी के लिए आधा दर्जन सकोरे टाँगे

**नवभारत न्यूज**
**भांडेर, 27 अप्रैल।** नगर में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ रोड द्वारा विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए आधा दर्जन सकोरे (मिट्टी के बर्तन) टांगकर उनमें पानी की व्यवस्था की गई है, ताकि गर्मी से परेशान पक्षियों को राहत मिल सके। गर्मी के इस प्रचंड दौर में जहां मनुष्य स्वयं को बचाने के लिए अनेक उपाय कर रहा है, वहीं पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता एक बड़ी समस्या बन जाती है।

विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्यों ने बताया कि छात्रों को भी इस पहल से जोड़कर उन्हें जीव-जंतुओं के प्रति दया और सहानुभूति रखने की प्रेरणा दी जा रही है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यदि हर संस्था और व्यक्ति इस प्रकार छोटी-छोटी पहल करें, तो गर्मी के मौसम में पक्षियों को बड़ी राहत मिल सकती है। इस दौरान प्राचार्य विवेक गुप्ता, वरिष्ठ आचार्य मुकेश दीक्षित, लिपिक कृष्णमुरारी पटेरिया, आचार्य संदीप शुक्ला, रुपेश योगी, शिवम समाधिया, मनीषा अग्रवाल, चतुर्भुज प्रजापति, रजनी देवी सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## भोपाल शौर्य यात्रा पर सियासी हलचल

**भोपाल, 27 अप्रैल।** राजधानी के जंबूरी मैदान में 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली शौर्य यात्रा को आधिकारिक तौर पर स्वतंत्रता संग्राम और जनजातीय वीरों को सम्मान देने का कार्यक्रम बताया जा रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायनों ने भी हलचल बढ़ा दी है. इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रहलाद पटेल और संभावित रूप से उमा भारती की मौजूदगी इसे लोधी समाज के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है. यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध क्षत्रिय महासभा, नर्मदा टाइगर हिरदेशाह शोध संस्था और गोंड महासभा द्वारा आयोजित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे. जबकि प्रहलाद पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. उमा भारती की संभावित उपस्थिति को लेकर चर्चाएं तेज हैं. यदि दोनों नेता एक मंच पर आते हैं, तो इसे लोधी समाज में उनके प्रभाव और भाजपा के भीतर नए राजनीतिक संकेतों के रूप में देखा जा रहा है.

# महिला अधिकारों को लेकर कांग्रेस का मार्च

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 27 अप्रैल. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रविवार को राजधानी भोपाल में महिला अधिकारों को लेकर एक बड़ा पैदल मार्च आयोजित किया. कांग्रेस ने इस दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'महिला विरोधी नीतियां' अपनाने और महिलाओं को सार्थक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने में विफल रहने का आरोप लगाया.**



यह मार्च प्लेटिनम प्लाज़ा से शुरू होकर टीनशेड, टॉप एंड टाउन और न्यू मार्केट जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रोशनपुरा चौराहे पर समाप्त हुआ. प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर महिलाओं के मुद्दों की अनदेखी और उनके सशक्तिकरण के प्रति कथित उदासीनता का आरोप लगाया.

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सहित कई विधायक और पदाधिकारी शामिल हुए. इसके अलावा यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी रैली में शामिल रहे.

सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा बुलाया गया विशेष विधानसभा सत्र महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति गंभीर नहीं है. उन्होंने लोकसभा की सभी 543 सीटों पर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू करने और मध्यप्रदेश विधानसभा में भी इसी तरह का प्रस्ताव पारित करने की मांग की. वहीं, सिंघार ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर महिलाओं के मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक दल विधानसभा में महिला आरक्षण लागू करने के लिए अशासकीय संकल्प लाएगा और इसे केंद्र सरकार को भेजने की मांग करेगा.

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी और पूर्व विधायक सुनीता पटेल ने भी महिला अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष की आवश्यकता पर जोर दिया. कांग्रेस ने दावा किया कि उसके पूर्ववर्ती शासनकाल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए गए, जबकि भाजपा पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर नकारात्मक रुख अपनाने का आरोप लगाया गया.



# राज्यभर में ड्रग माफियाओं पर शिकंजा कसा

**1.38 करोड़ की जब्त**

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 27 अप्रैल. मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने बीते सात दिनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.38 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के ड्रग्स, वाहन, नकदी और अन्य सामग्री जब्त की है. इस समन्वित कार्रवाई में अवैध तस्करी, भंडारण और बिक्री में संलिप्त कई अंतर्राज्यीय तस्करों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है.**

राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लेखनीय सफलता मिली है. रीवा में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप, गांजा और वाहन सहित 34 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की. राजगढ़ में 'ऑपरेशन शुद्धि' के तहत स्मैक और केमिकल पाउडर लगभग 35 लाख रुपये मूल्य का बरामद किया गया. वहीं नीमच और मंदसौर में एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा की बड़ी खेप के साथ कई आरोपियों को पकड़ा गया.

बालाघाट में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. शिवपुरी, शहडोल, बैतूल और उज्जैन में भी लगातार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने और जब्ती व गिरफ्तारियां कीं. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ यह अभियान 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार जारी रहेगा. आमजन से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें.